**एनएचपीसी के 'पूर्व-कर्मचारी सुविधा प्रकोष्ठ (मासं)'** द्वारा **मैक्स सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, साकेत, नई दिल्ली** के सहयोग से एनएचपीसी से सेवानिवृत्त कर्मचारियों के लिए 19 अगस्त 2026 को एनएचपीसी कॉर्पोरेट ऑफिस में 'हेल्थ टॉक' एवं 'बेसिक लाइफ सपोर्ट (BLS) अवेयरनेस प्रोग्राम' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य सेवानिवृत्त कर्मचारियों को महत्वपूर्ण स्वास्थ्य संबंधी जानकारी प्रदान करने के साथ-साथ आपातकालीन परिस्थितियों में जीवन रक्षक उपायों के प्रति जागरूक करना था।

इस अवसर पर कार्यपालक निदेशक (मासं) श्री नवीन कुमार जैन, महाप्रबंधक (मेडिकल सर्विसेज) डॉ. सतरूपा भट्टाचार्जी, उप महाप्रबंधक (मासं) श्री संजीव कुमार, उप महाप्रबंधक (वित) श्री संजय गोयल सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। मैक्स हेल्थकेयर की ओर से एसोसिएट वाइस प्रेसिडेंट एवं मैक्स इंस्टीट्यूशनल सेल्स श्री परमानंद कौशिक, एसोसिएट वाइस प्रेसिडेंट (सेल्स एंड मार्केटिंग), साकेत, श्री अमित मित्तल तथा जनरल मैनेजर (इंस्टीट्यूशनल सेल्स) श्री सचिन भाटिया ने कार्यक्रम में सहभागिता की।

कार्यक्रम के दौरान मैक्स हेल्थकेयर के विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा स्वास्थ्य संबंधी विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर जानकारीपूर्ण सत्र आयोजित किए गए। डॉ. रितेश गोयल, यूरोलॉजिस्ट, ने प्रोस्टेट एवं किडनी की देखभाल पर, डॉ. आकाश गोयल, गैस्ट्रोएंटेरोलॉजिस्ट, ने फैटी लिवर पर तथा डॉ. हसनैन राजा, कार्डियोलॉजिस्ट, ने हृदय स्वास्थ्य पर विशेषज्ञ सत्र प्रस्तुत किए। इन सत्रों में स्वस्थ जीवनशैली अपनाने, बीमारियों की समय रहते पहचान, बचाव के उपायों तथा आवश्यकता पड़ने पर समय पर चिकित्सकीय सहायता लेने पर विशेष जोर दिया गया। विशेषज्ञों ने सेवानिवृत्त कर्मचारियों के लिए प्रासंगिक स्वास्थ्य संबंधी मुद्दों पर उपयोगी एवं व्यावहारिक जानकारी साझा की।

कार्यक्रम का प्रमुख आकर्षण बेसिक लाइफ सपोर्ट (BLS) अवेयरनेस एवं CPR की प्रायोगिक ट्रेनिंग रही। इस सत्र के माध्यम से प्रतिभागियों को कार्डियक इमरजेंसी जैसी परिस्थितियों में प्राथमिक सहायता देने तथा जीवन रक्षक तकनीकों को सही तरीके से अपनाने का व्यावहारिक ज्ञान प्रदान किया गया। प्रतिभागियों ने आवश्यक प्रक्रियाओं का अभ्यास भी किया, जिससे आपातकालीन स्थिति में उनकी तत्परता और आत्मविश्वास को बढ़ावा मिला।

कार्यक्रम को और अधिक सहभागितापूर्ण एवं रोचक बनाने के लिए मैक्स हेल्थकेयर के श्री कमल भारद्वाज के नेतृत्व में टीम-बिल्डिंग गतिविधि भी आयोजित की गई। इस गतिविधि के माध्यम से प्रतिभागियों में टीमवर्क, रचनात्मकता एवं समस्या-समाधान की भावना को प्रोत्साहित किया गया। गतिविधि के विजेताओं को सम्मानित भी किया गया।

कार्यक्रम में सेवानिवृत्त कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और स्वास्थ्य संबंधी विशेषज्ञ सत्रों तथा BLS एवं CPR की व्यावहारिक ट्रेनिंग की सराहना की। प्रतिभागियों ने इस प्रकार की उपयोगी एवं ज्ञानवर्धक पहलों को भविष्य में भी आयोजित किए जाने में अपनी रुचि व्यक्त की।

एनएचपीसी द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम अपने सेवानिवृत्त कर्मचारियों के स्वास्थ्य, कल्याण एवं सुरक्षित जीवन के प्रति संगठन की निरंतर प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

कार्यक्रम की मुख्य झलकियाँ:


एनएचपीसी लिमिटेड
NHPC Limited


एनएचपीसी लिमिटेड
NHPC Limited
MAX
Healthcare
Max Super Speciality Hospital, Saket
in association with NHPC Limited (Ex-Employee Facilitation Cell)
welcomes you to the
Multi Speciality Health Talks &
Basic Life Support Training Session


MAX
Max Super Speciality Hospital, Saket
welcomes you to the
eciality Health Talks &
upport Training Session




MAX
Healthcare
x Super Speciality Hospital, Saket
th NHPC Limited
Facilitation Cell)
welcomes




नीर शक्ति सदन
एन एच पी सी लिमिटेड
MAX
25



